दिनांक : 29.07.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर आज भी चर्चा जारी रहेगी। प्रधानमंत्री ऑपरेशन सिंदूर पर रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री के भाषणों की सराहना की।
- विधानसभा सत्र का दूसरा दिन आज। कल मुख्यमंत्री ने जल गंगा संवर्धन अभियान की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी सदानीरा का किया शुभारंभ।
- नागपंचमी पर्व आज। उज्जैन के नागचंद्रेश्वर मंदिर के खुले पट।
- राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के 34 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट।

प्रधानमंत्री-संसद भाषण सराहना

लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर आज भी चर्चा जारी रहेगी। कल चर्चा की शुरूआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के भाषणों की सराहना की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में इन भाषणों को उत्कृष्ट और गहरी सूझबूझ भरे बताया। श्री मोदी ने कहा कि डॉ. जयशंकर ने अपने भाषण में बताया कि कैसे दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवाद के खतरे से लड़ने के भारत के दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से सुना है। रक्षा मंत्री के भाषण के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर में भारत के सुरक्षा तंत्र की सफलता और हमारे सशस्त्र बलों के साहस का गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया है। कल केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आतंक के मुद्दे पर चर्चा से कांग्रेस और विपक्ष भाग रहे हैं और उनका दोहरा चेहरा उजागर हो गया है।

विधानसभा सत्र

प्रदेश की सोलहवीं विधानसभा के मानसून सत्र का आज दूसरा दिन होगा। 8 अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में सदन की कुल 10 बैठकें होंगी। अब तक विधानसभा सचिवालय में कुल 3377 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। इससे पहले कल प्रदेश विधानसभा के सेंट्रल हॉल में जल गंगा संवर्धन अभियान की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी 'सदानीरा' का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की उपस्थिति में किया गया। डॉक्टर यादव ने कहा -

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस है। यह प्रदेश के लिये विशेष महत्व रखता है। बाघों के अस्तित्व और संरक्षण के लिये प्रदेश में जो कार्य हुए हैं, उसके परिणाम स्वरूप आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक बाघ मध्यप्रदेश में हैं, यह न सिर्फ मध्यप्रदेश बल्कि भारत के लिये भी गर्व की बात है। वर्ष 2022 में हुई बाघ गणना में भारत में करीब 3,682 बाघ की पुष्टि हुई, जिसमें सर्वाधिक 785 बाघ मध्य प्रदेश में होना पाये गये। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल के परिणाम स्वरूप बाघों की संख्या में वृद्धि के लिये निरंतर प्रयास हो रहे हैं। प्रदेश में बाघों की संख्या बढ़ाने में राष्ट्रीय उद्यानों के बेहतर प्रबंधन की मुख्य भूमिका है। संरक्षित क्षेत्रों से गांव के विस्थापन के फलस्वरूप वन्य प्राणियों के रहवास क्षेत्र का विस्तार हुआ है। कान्हा, पेंच और कूनो पालपुर के कोर क्षेत्र से सभी गांवों को विस्थापित किया जा चुका है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को यूनेस्को की विश्व धरोहर की संभावित सूची में शामिल किया गया है।

प्रधानमंत्री-दिव्या

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख की उपलब्धि की सराहना की है। श्री मोदी ने कल सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दिव्या देशमुख, 2025 फिडे महिला विश्व कप जीतने के साथ ही ग्रैंडमास्टर भी बन गई हैं। उन्होंने कहा कि दिव्या की उपलब्धि कई लोगों को प्रेरित करेगी और युवाओं के बीच शतरंज को और लोकप्रिय बनाएगी।

निःशुल्क शव वाहन सेवाः

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जिलों के लिए आरंभ की गई शव वाहन व्यवस्था के तहत प्रदेश के विभिन्न जिलों के लिए वाहन रवाना किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मनुष्यता, सेवा भाव और समाज के गरीब वर्ग सहित अन्य जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क शव वाहन सेवा प्रारंभ की जा रही है। सेवा के संकल्प के अंतर्गत जिला चिकित्सालयों के लिए दो वाहन और चिकित्सा महाविद्यालयों वाले जिलों के लिए चार शव वाहन की व्यवस्था करते हुए प्रदेश में कुल 148 शव वाहनों का संचालन प्रारंभ किया गया है। इस व्यवस्था से परिवहन सुविधा प्राप्त होने पर दिवंगत व्यक्ति की देह को ससम्मान गंतव्य स्थान तक पहुंचाने में सुविधा होगी।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति- पांच वर्ष

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आज 5 वर्ष पूरे हो रहे हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत के विद्यालयों को ज्ञान प्राप्त करने के ऐसे स्थानों में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना है जहां शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों, अंकों या रटने तक सीमित न रहे। हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि पिछले पांच वर्ष में इस नीति ने भारत में अधिक समावेशी, शिक्षार्थी-केंद्रित और भविष्य अनुरूप शिक्षा प्रणाली की नींव रखी है।

मौसम

राजधानी भोपाल और उसके आसपास के जिलों समेत प्रदेश के तीस जिलों में कल से बारिश का दौर जारी है। प्रदेश में आज 34 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार, 14 जिलों में अति भारी और 20 में भारी बारिश हो सकती है। ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, अशोकनगर, विदिशा, सागर, रायसेन और नर्मदापुरम में अति भारी बारिश हो सकती है। वहीं, गुना, राजगढ़, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास, सीहोर, हरदा, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिंहपुर, जबलपुर, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, कटनी, दमोह और पन्ना में भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार, इस मानसून सीजन में प्रदेश में 25.4 इंच बारिश हो चुकी है, जो सीजन की 70 प्रतिशत है। 8 जिले- ग्वालियर, शिवपुरी, अशोकनगर, मुरैना, श्योपुर, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में बारिश का कोटा पूरा हो गया है।

नागपंचमी पर्व

प्रदेशभर में आज नागपंचमी पर्व श्रद्धाभाव के साथ मनाया जा रहा है। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में वर्ष में एक बार खुलने वाले नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट आज मध्यरात्रि से श्रद्धालुओं के दर्शन के लिये खोल दिए गए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना कर दर्शन लाभ ले रहे हैं। प्रशासन ने यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं। खंडवा जिले में भी नागपंचमी पर्व श्रद्धा से मनाया जा रहा हैं। नगर के प्रमुख मंदिरों से छड़ी यात्रा भी निकाली जाएगी। आगरमालवा जिले में स्थित नाग मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। बड़वानी जिले के प्रसिद्ध नागलवाड़ी शिखरधाम में बाबा भीलटदेव के प्राचीन मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लगी है।

समाचार संक्षेप में .....

अशोकनगर जिला चिकित्सानलय में आज राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत हृदय रोग से संबंधित विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

शिवपुरी जिले में पर्यटन और संस्कृति के प्रति छात्र-छात्राओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पर्यटन जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 1 अगस्त को किया जाएगा।

सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने विसंगतिपूर्ण आय प्रमाण पत्रों को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए तहसील कोठी और उचेहरा के जारी आय प्रमाण पत्रों के लिए नियुक्त प्राधिकृत अधिकारियों तथा लोक सेवा केन्द्र संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

कटनी  जिले में चल रहे राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2024 हेतु जिले की 12 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है।

पन्ना कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में कल को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम के लिए विचार विमर्श कर आवश्यक निर्णय लिया गया।

एनसीएल मुख्यालय सिंगरौली में कल  केंद्रीय अस्पताल, सिंगरौली की टीम ने सीपीआर, दुर्घटनाओं में प्राथमिक चिकित्सा, सांप के काटने पर उपचार, आदि पर प्रशिक्षण दिया जिसमें 47 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

-------